

## अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक की कलम से ...

1 अप्रैल 2023

प्रिय साथियों,

एनएचपीसी अंतरराष्ट्रीय मानकों पर स्वच्छ ऊर्जा के विकास में उत्कृष्टता प्राप्त करने के अपने लक्ष्य के साथ लगातार प्रगति कर रही है। हमने भारतीय विद्युत क्षेत्र में अपनी प्रभावशाली उपस्थिति स्थापित की है और अब हमें विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त कंपनी बनने की दिशा में कार्य करना चाहिए। मुझे आशा है कि आप सभी एनएचपीसी को इस दिशा में जाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।

आपको यह जानकर प्रसन्नता होगी कि नेपाल सरकार के निवेश बोर्ड, कार्यालय ने 16 मार्च 2023 को नेपाल की 450 मेगावाट सेती नदी-6 परियोजना के लिए एनएचपीसी को सर्वेक्षण लाइसेंस जारी किया है। यह परियोजना के विकास के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि के साथ ही साथ एनएचपीसी के वैश्विक व्यापार में पदार्पण की ओर महत्वपूर्ण कदम है।

मैंने 29 मार्च 2023 को नई दिल्ली में नेपाल के माननीय संसद सदस्यों के एक प्रतिनिधिमंडल से भी मुलाकात की और उनके साथ जलविद्युत विकास की आवश्यकता और एनएचपीसी द्वारा नेपाल के विद्युत परिदृश्य में निभाई जाने वाली महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में विस्तार से चर्चा की।

मैंने, निदेशक (तकनीकी) और निदेशक (परियोजनाएं) के साथ दिनांक 30 से 31 मार्च 2023 तक 2000 मेगावाट सुबनसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना का दौरा किया। अपने इस दौरे के दौरान मैंने देखा कि परियोजना टीम बहुत अच्छा प्रयास कर रही है और मेरे एक माह पहले के दौरे के बाद से परियोजना में बहुत अधिक कार्य किया गया है। यद्यपि, कुछ ऐसे क्षेत्र हैं जिन पर ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है। विस्तृत समीक्षा के बाद, परियोजना अधिकारियों को निर्धारित समय में परियोजना को पूरा करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

स्वतंत्र निदेशकों और कार्यात्मक निदेशकों ने दिनांक 15 से 18 मार्च 2023 को पार्बती-II जलविद्युत परियोजना का दौरा किया। मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि कुल 31.5 किलोमीटर लंबी हेड रेस टनल (एचआरटी) में से केवल 270 मीटर टनल ही खुदाई के लिए शेष बची है। टनलिंग का यह कार्य बहुत विषम परिस्थितियों में किया जा रहा है और इन कार्य स्थलों पर तैनात एनएचपीसी के कार्मिकों द्वारा की जा रही कड़ी मेहनत प्रशंसनीय है।

एनएचपीसी ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए भारत सरकार को 997.75 करोड़ रुपए के अंतरिम लाभांश का भुगतान किया है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा 2 मार्च 2023 को विद्युत मंत्रालय और एनएचपीसी के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में श्री आर.के. सिंह, माननीय केंद्रीय विद्युत, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री को अंतरिम लाभांश भुगतान एडवाइस सौंपी गई है।

सामाजिक रूप से एक जिम्मेदार कॉर्पोरेट इंटिटी होने के नाते एनएचपीसी विभिन्न विकासात्मक गतिविधियां करती रहती है। मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि श्री कृष्ण पाल गुर्जर, माननीय राज्य मंत्री, विद्युत मंत्रालय और भारी उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार के कर-कमलों से 4 मार्च 2023 को एनएचपीसी द्वारा वित्त पोषित आरएमसी सड़क कार्यों (ग्रीनफील्ड क्षेत्र, फरीदाबाद के आसपास) का उद्घाटन सम्पन्न हुआ है। माननीय मंत्री जी ने आम जनता के कल्याण के लिए यह योगदान देने के लिए एनएचपीसी का आभार व्यक्त किया।

मार्च माह 2023 व्यक्तिगत तौर पर भी मेरे लिए स्मरणीय माह रहा है। मुझे यह बताते हुए हर्ष हो रहा है कि मुझे 3 मार्च 2023 को विद्युत और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र के विकास में उत्कृष्ट योगदान के लिए सीबीआईपी इंडिविजुअल अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त विद्युत क्षेत्र में अनुकरणीय प्रदर्शन और देश के विकास में उत्कृष्ट योगदान के लिए 11 मार्च 2023 को तिलक महाराष्ट्र विद्यापीठ द्वारा मुझे डी. लिट. (मानद उपाधि) प्रदान की गई।

**इस माह की अन्य मुख्य विशेषताएं हैं:**

- डॉ. जितेंद्र सिंह, माननीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय; राज्य मंत्री, प्रधान मंत्री कार्यालय; राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय; राज्य मंत्री, परमाणु ऊर्जा विभाग और राज्य मंत्री, अंतरिक्ष विभाग ने 11 मार्च 2023 को जम्मू में श्री बिश्वजीत बासु, निदेशक (परियोजनाएं), एनएचपीसी के साथ संघ शासित क्षेत्र, जम्मू व कश्मीर में चल रही जलविद्युत परियोजनाओं के निर्माण के संबंध में बैठक की।

- श्री चौना मेंन, माननीय उप मुख्यमंत्री, अरुणाचल प्रदेश और अरुणाचल प्रदेश सरकार के अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने 11 मार्च,2023 को सुबनसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना के विभिन्न कार्य स्थलों का दौरा किया। माननीय उप मुख्यमंत्री जी को निर्माण गतिविधियों की प्रगति के बारे में अवगत कराया गया।

- श्री वाई.के. चौबे, निदेशक (तकनीकी) ने 2 मार्च,2023 को अंतर्राष्ट्रीय एकीकृत ऊर्जा प्रदर्शनी और सम्मेलन, मुंबई में 'विद्युत उत्पादन' पर सत्र की अध्यक्षता की, जिसमें प्रभावी तरीके से बायोमास के उपयोग के साथ-साथ विद्युत संयंत्र के लचीले प्रचालन के संबंध में चर्चा की गई।

- एनएचपीसी ने वसंत ऋतु के आगमन का स्वागत करने और समृद्ध और विविधतापूर्ण भारतीय संस्कृति को प्रदर्शित करने के उद्देश्य से 4 मार्च,2023 को एनएचपीसी आवासीय परिसर में "आजादी का अमृत महोत्सव" के तहत वसंत उत्सव 2023 का आयोजन किया। इस अवसर एनएचपीसी के पावर स्टेशनों, परियोजनाओं और क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा विभिन्न राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों के स्थानीय हस्तशिल्प, पोशाक सामग्री, खाद्य व्यंजनों, कठपुतली शो आदि को बढ़ावा देने वाले कई स्टॉल लगाए गए थे।

- गुड़गांव में पीएससीबी के तत्वावधान में एनटीपीसी द्वारा आयोजित 22वें इंटर सीपीएसयू क्रिकेट टूर्नामेंट में डीवीसी को हराकर एनएचपीसी क्रिकेट टीम दूसरे रनर-अप के रूप में उभरी है । एनएचपीसी की टीम के कप्तान शशांक सिंह, प्रबंधक (सिविल) को मैन ऑफ द टूर्नामेंट और बेस्ट बॉलर ऑफ टूर्नामेंट घोषित किया गया।

- एनएचपीसी ने अपने निगम मुख्यालय, फरीदाबाद में 14 मार्च 2023 को आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया। एनएचपीसी के टी एंड एचआरडी विभाग और एनएचपीसी डब्ल्यू आई पी (विद्युत क्षेत्र में महिलाएं) सेल ने 'डिजिटल– इनोवेशन एण्ड टेक्नोलोजी फॉर जेंडर इक्वालिटी थीम पर एनएचपीसी महिला कर्मचारियों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया।

- मार्च माह,2023 के दौरान राजस्व संग्रह 469.65 करोड़ रुपए रहा और मार्च 2023 तक कुल संचयी राजस्व संग्रह 7943.37 करोड़ रुपए था।

- मार्च 2023 के अंत में एनएचपीसी के सभी पावर स्टेशनों का कुल संचयी विद्युत उत्पादन 24906 मिलियन यूनिट रहा।

मैं आपको और आपके परिवार को गुड़ी पड़वा, रामनवमी, महावीर जयंती, पवित्र माह रमजान और ईस्टर के शुभ अवसर पर बधाई देता हूं।

आपका,

**(आर.के. विश्नोई)**
**अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक**



# From CMD's Desk…

1st April 2023

Dear Colleagues,

NHPC is steadily progressing with its aim to achieve excellence in development of clean power at international standards. We have established our strong presence in the Indian Power sector and now must work towards becoming a globally recognized company. I expect all of you to put in your best possible efforts towards taking NHPC in this direction.

You will be delighted to know that the Office of Investment Board, Government of Nepal issued Survey License to NHPC for 450 MW Seti River-6 Project, Nepal on 16th March 2023. This is a major milestone in development of project as well as a major stepping stone for global business footprint of NHPC.

I also met a delegation of Hon'ble Members of Parliament from Nepal on 29th March 2023 at New Delhi and held detailed discussion with them about the necessity of Hydropower development and the role NHPC can play in the Power scenario in Nepal.

I along with Director (Technical) and Director (Projects) visited the 2000 MW Subansiri Lower HEP from 30th to 31st March 2023. During my visit I observed that the project team is making great efforts and significant work has been done at the Project since my last visit a month back. However, there are some areas which need attention and after detailed review, necessary directions have been given to Project authorities to complete the Project in scheduled time.

Independent Directors and Functional Directors visited the Parbati-II HE Project from 15th to 18th March 2023. I am glad to inform that out of total 31.5 kms long Head Race Tunnel (HRT), only 270 m is left for excavation. The Tunneling is being done under extreme conditions and the hard work of NHPC employees posted at these sites is praiseworthy.

NHPC paid an interim dividend of Rs. 997.75 Crore to Government of India for the financial year 2022-23. Undersigned presented the Interim dividend payout advice to Shri R.K. Singh, Hon'ble Union Minister of Power, New and Renewable Energy on 2nd March 2023 in the presence of senior officers from Ministry of Power and NHPC

NHPC being a socially responsible Corporate entity carries out various developmental activities. I am happy to inform that Shri Krishan Pal Gurjar, Hon'ble Minister of State, Ministry of Power and Ministry of Heavy Industries, Govt. of India inaugurated the RMC road works (in vicinity of Greenfield area, Faridabad) funded by NHPC on 4th March 2023. The Hon'ble Minister expressed his gratitude to NHPC for contributing towards the welfare of the general masses.

The month of March 2023 has also been a memorable month for me on a personal note. I am happy to inform that I was conferred the CBIP Individual Award for outstanding contribution for development of Power and RE Sector on 3rd March 2023. Further, I was also conferred D. Litt. (Honoris Causa) by Tilak Maharashtra Vidyapeeth on 11th March 2023 for exemplary performance in Power Sector and outstanding contribution to the development of the country.

**Other highlights of the month are:**

- Dr. Jitendra Singh, Hon'ble Minister of State (Independent Charge) for the Ministry of Science and Technology, Minister of State (Independent Charge) for Ministry of Earth Sciences; Minister of State for Prime Minister's Office; Minister of State for Ministry of Personnel, Public Grievances and Pensions; Minister of State, Department of Atomic Energy and Minister of State, Department of Space held a meeting with Shri Biswajit Basu, Director (Projects), NHPC on the ongoing construction of hydropower projects in UT of Jammu and Kashmir on $11^{th}$ March 2023 at Jammu.
- Shri Chowna Mein, Hon'ble Dy. Chief Minister, Arunachal Pradesh and other dignitaries from Govt. of Arunachal Pradesh visited various sites of Subansiri Lower HEP on $11^{th}$ March 2023. The Hon'ble Dy. Chief Minister was briefed about the progress of construction activities.
- Shri Y.K. Chaubey, Director (Technical), chaired session on 'Power Generation' at International Integrated Energy Exhibition & Conferences, Mumbai on $2^{nd}$ March 2023 wherein discussions on flexible operations of power plant alongwith use of biomass in effective manner were held.
- NHPC organized Vasant Utsav 2023 under "Azadi Ka Amrit Mahotsav" with great festive spirit at the NHPC Residential Complex on $4^{th}$ March 2023 to welcome the arrival of spring and to showcase the rich and diverse Indian culture. A number of stalls promoting local handicrafts, dress materials, food delicacies, puppet show etc. from various States/Union Territories were set up by NHPC power stations, projects and regional offices.
- NHPC Cricket Team emerged as $2^{nd}$ Runner-up after defeating DVC at $22^{nd}$ Inter CPSU Cricket Tournament organized by NTPC under aegis of PSCB at Gurgaon. NHPC's team Captain Shashank Singh, Manager (Civil) was declared as Man of the Tournament and Best Bowler of Tournament.
- NHPC observed International Women's Day under Azadi ka Amrit Mahotsav with great enthusiasm at its Corporate Office, Faridabad on $14^{th}$ March 2023. NHPC's T&HRD Division and NHPC WIPs (Women in Power Sector) cell organized a one day workshop for NHPC women employees under the theme 'Digital – Innovation and Technology for Gender Equality' to commemorate International Women's Day.
- The revenue collection during the month of March 2023 stood at Rs. 469.65 crore and the total cumulative revenue collection up to March 2023 was Rs. 7943.37 crore.
- The total cumulative generation of all NHPC Power Stations stood at 24906 MUs at the end of March 2023.

I convey my greetings to you and your family on the auspicious occasions of Gudi Padwa, Ramnavmi, Mahavir Jayanti, the holy month of Ramadan and Easter.

Sincerely Yours,

**(R.K. Vishnoi)**
**Chairman & Managing Director**